RNI NO. MPHIN/2023/88328

खबरों की वीडियो देखने हेतु स्कैन करे

READERS' OPINION

रीडर्स ओपिनियन

दैनिक समाचार पत्र

कुल पृष्ठ : 5 | शुक्रवार, 30 अक्टूबर 2026 | वर्ष : 4 अंक : 149

भूटान में ग्लेशियल झील फटी

बंगाल-असम में बाढ़ का अलर्ट

ओडिशा में 62,500 लोग प्रभावित



भूटान में शिंताफू झील क्षेत्र में GLOF की घटना



ओडिशा के गंजाम और गजपति में भारी बाढ़



बचाव अभियान जारी

62,500
गंजाम और गजपति में प्रभावित लोग

29,323
सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाए गए

70 गांव
गंजाम में बाढ़ से घिरे

300 पंचायतें
भारी बारिश से प्रभावित

- भूटान के शिंताफू झील क्षेत्र में GLOF की घटना
- बंगाल और असम के नदी किनारे के इलाकों में सतर्कता
- इच्छापुरम-झडुपुड़ी रेलखंड पर पानी; 30 ट्रेनें रद्द

RNI NO. MPHIN/2023/88328

खबरों की वीडियो देखने हेतु स्कैन करे

READERS' OPINION

रीडर्स ओपिनियन

दैनिक समाचार पत्र

कुल पृष्ठ : 5 | शुक्रवार, 30 अक्टूबर 2026 | वर्ष : 4 अंक : 149

इंदौर के मारोठिया बाजार की तीन मंजिला दुकान में आग

दूसरी मंजिल तक पहुंचीं लपटें, लाखों का सामान जलकर खाक; दमकल ने समय रहते पाया काबू



इंदौर, मध्यप्रदेश | इंदौर के मारोठिया बाजार में गुरुवार देर रात पूजन और किराना सामग्री की तीन मंजिला दुकान में भीषण आग लग गई। लपटें दूसरी मंजिल तक पहुंच गईं। सूचना पर दमकल और सराफा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई।

फायर ब्रिगेड के अनुसार, रात करीब 1 बजे राम गोपाल कन्हैयालाल नाम की दुकान में आग लगने की सूचना मिली थी। दुकान में त्योहारों के लिए बड़ी मात्रा में सामान रखा था, जो जलकर नष्ट हो गया। शुरुआती आशंका शॉर्ट सर्किट की है, हालांकि वास्तविक कारण की जांच जारी है।दमकलकर्मियों ने आग को आसपास की दुकानों तक फैलने से रोक लिया। फिलहाल नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

इंदौर में 71% बच्चों में खून की कमी

53% गर्भवती और 48% सामान्य महिलाएं भी एनीमिया से प्रभावित; जांच के लिए 388 पोर्टेबल मशीनें खरीदी जाएंगी

इंदौर, मध्य प्रदेश | इंदौर जिले में एनीमिया यानी खून की कमी गंभीर समस्या बनती जा रही है। आंकड़ों के मुताबिक, 5 साल से कम उम्र के 71% बच्चे, 53% गर्भवती महिलाएं और 48% सामान्य महिलाएं एनीमिया से प्रभावित हैं। समय पर जांच और इलाज नहीं मिलने से बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास पर असर पड़ रहा है। समस्या की पहचान के लिए स्वास्थ्य विभाग ने 42.68 लाख रुपए की लागत से 388 पोर्टेबल हीमोग्लोबिन मीटर खरीदने की प्रक्रिया शुरू की है। प्रत्येक मशीन के साथ 1,000 क्यूवेट और 1,000 लैंसेट दिए जाएंगे। मशीनों को 15 दिनों में उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। विशेषज्ञों के अनुसार, आयरन और विटामिन की कमी एनीमिया का प्रमुख कारण है। समय पर जांच, डॉक्टर की सलाह और संतुलित पोषण से इस समस्या को नियंत्रित किया जा सकता है।



सवाल

जब जिले में इतने बड़े स्तर पर बच्चे और महिलाएं एनीमिया से प्रभावित हैं, तो समय पर जांच और इलाज की व्यवस्था पहले से मजबूत क्यों नहीं की गई?

120 दिनों में 22 जिलों के कलेक्टर बदले

मोहन सरकार में 12 जिलों के SP का भी तबादला; जहरीली शराब, किसान आंदोलन और प्रशासनिक विवाद रहे चर्चा में



इंदौर, मध्य प्रदेश | इंदौर में 11 मध्य प्रदेश में पिछले 120 दिनों के दौरान प्रशासनिक और पुलिस व्यवस्था में बड़े फेरबदल हुए हैं। इस दौरान 22 जिलों के कलेक्टर और 12 जिलों के पुलिस अधीक्षक बदले गए। नए मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल के 23 जुलाई को कार्यभार संभालने के बाद तबादलों का सिलसिला तेज हुआ।

इन बदलावों के पीछे जहरीली शराब से मौतें, किसान आंदोलन, मुआवजे को लेकर विरोध और प्रशासनिक विवाद प्रमुख वजहों के रूप में सामने आए। सागर में जहरीली शराब से 30 से अधिक मौतों के बाद कलेक्टर प्रतिभा पाल और SP अनुराग सुजानिया को हटाया गया। देवास में भी शराब से मौतों के बाद कलेक्टर ऋतुराज और SP पुनीत गहलोत का तबादला हुआ। 13 अक्टूबर को 11 जिलों के कलेक्टर बदले गए। वहीं 27 और 28 अक्टूबर के आदेशों में कई जिलों के कलेक्टर और SP की नई पोस्टिंग की गई। कुछ अधिकारियों को हटाए जाने के बाद दूसरी जगह फिर महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां भी मिलीं।

आज शाम 4 बजे से गंगवाल बस स्टैंड की ओर ट्रैफिक प्रतिबंध

गायक डॉ. सतिंदर सरताज के कार्यक्रम को लेकर बदलेगी यातायात व्यवस्था, वैकल्पिक मार्गों का करें उपयोग

इंदौर,मध्य प्रदेश |खालसा स्टेडियम में गायक डॉ. सतिंदर सरताज का कार्यक्रम शुक्रवार को आयोजित होगा। इसके चलते शाम 4 बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक गंगवाल चौराहे और आसपास के मार्गों पर निजी एवं व्यावसायिक वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। पुलिस ने यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए डायवर्जन लागू किया है। एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड और पुलिस वाहनों को छूट रहेगी।

राजमोहल्ला, चंदन नगर, वायरलेस और महू नाका की ओर से आने वाले वाहनों के लिए अलग-अलग वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किए गए



हैं। कुछ मार्गों पर वाहनों की पार्किंग भी तय स्थानों पर ही करनी होगी।

पुलिस ने नागरिकों से निर्धारित डायवर्टेड मार्गों का उपयोग करने और अनावश्यक भीड़ वाले क्षेत्रों में वाहन लेकर नहीं जाने की अपील की है।

RNI NO. MPHIN/2023/88328

खबरों की वीडियो देखने हेतु स्कैन करे

READERS' OPINION रीडर्स ओपिनियन

दैनिक समाचार पत्र

कुल पृष्ठ : 5 | शुक्रवार, 30 अक्टूबर 2026 | वर्ष : 4 अंक : 149

साइबर अटैक के खतरे के बीच MP के 30 से ज्यादा सरकारी पोर्टल बंद

70 वेबसाइट्स नए सुरक्षित सॉफ्टवेयर पर अपग्रेड, बिजली बिल, चालान और राशन जैसी जरूरी सेवाएं सुरक्षित

भोपाल,मध्यप्रदेश| साइबर हमलों की आशंका के बीच मध्य प्रदेश सरकार ने एहतियातन 30 से अधिक सरकारी वेबसाइट्स अस्थायी रूप से बंद कर दी हैं। पुराने PCPP सॉफ्टवेयर पर चल रही 130 वेबसाइट्स में से करीब 70 को नए और सुरक्षित सॉफ्टवेयर पर अपग्रेड कर दोबारा शुरू कर दिया गया है। एमपीएसईडीसी के एमडी के मुताबिक, तकनीकी खामियों और असामान्य गतिविधियों के संकेत मिलने के बाद यह कदम उठाया गया। बंद वेबसाइट्स में मुख्य रूप से विभागीय और सूचनात्मक पोर्टल शामिल हैं। अधिकारियों का कहना है कि बिजली बिल भुगतान, ट्रेजरी चालान, रजिस्ट्री और राशन जैसी जरूरी नागरिक सेवाओं के पोर्टल सुरक्षित ढांचे पर संचालित हैं। शेष 30 वेबसाइट्स को भी सुरक्षित कर दोबारा शुरू करने की प्रक्रिया जारी है।



जबलपुर में सराफा व्यापारियों से चाकू की नोक पर कार लूटी

कार में 6 किलो चांदी, 300 ग्राम सोना और 5 लाख रुपए थे; बायपास पर मिली कार, लुटेरे फरार

जबलपुर,मध्यप्रदेश| जबलपुर के खजरी-खिरिया बायपास पर बुधवार देर रात 3 बदमाशों ने चाकू की नोक पर दो सराफा व्यापारियों से कार लूट ली। कार में 6 किलो चांदी, 300 ग्राम सोना और 5 लाख रुपए नकद रखे थे।

व्यापारी दीपक जैन और आकाश सोनी कटनी से लौट रहे थे। रात करीब 1 से 2 बजे के बीच बायपास पर कार रोककर उतरते ही एक्टिवा सवार बदमाशों ने चाकू दिखाकर मारपीट की और कार लेकर भाग गए। पुलिस ने नाकाबंदी कर तलाश शुरू की। गुरुवार सुबह कार कटंगी बायपास के पास मिल गई। पुलिस के मुताबिक, कार में रखे जेवरात सुरक्षित मिले हैं। तीनों अज्ञात आरोपियों की तलाश जारी है।



पति की मौत के सदमे में गर्भवती महिला ने बच्चों संग दी जान

डूंगरखेड़ी में दो भाइयों के मकान पर कार्रवाई, आरोपी फरार; 40 दिनों में दूसरी बड़ी कार्रवाई

शिवपुरी,मध्यप्रदेश |शिवपुरी जिले के कोलारस क्षेत्र में एक ही परिवार के 6 लोगों की मौत से सनसनी फैल गई। पति की असमय मौत के सदमे में एक महिला ने अपने बच्चों के साथ जान दे दी। इसके बाद परिवार की दूसरी बहन भी अपने 3 बच्चों के साथ कुएं में कूद गई। जानकारी के मुताबिक, दोनों बहनों के बीच गहरा लगाव था। परिवार में हुई इस घटना से गांव में शोक का माहौल है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर



शवों को बाहर निकलवाया और मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना के पीछे पारिवारिक दुख और मानसिक तनाव की बात सामने आई है। हालांकि, पूरे घटनाक्रम और परिस्थितियों की पुष्टि पुलिस जांच के बाद ही होगी।

बाथरूम के पानी से खाना बना रहा था रेस्टोरेंट, सील

जबलपुर में खाद्य विभाग की कार्रवाई; रेलवे में सप्लाई होते थे खाने के पैकेट, लाइसेंस निलंबित

जबलपुर, मध्य प्रदेश | कूनो जबलपुर के साउथ सिविल लाइन स्थित सिद्धि विनायक रेस्टोरेंट में बाथरूम के पानी से खाना बनाने और सब्जियां धोने का मामला सामने आया है। जांच के दौरान किचन में गंदगी और अस्वच्छ परिस्थितियां मिलने पर प्रशासन ने रेस्टोरेंट सील कर लाइसेंस निलंबित कर दिया। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के मुताबिक, रेस्टोरेंट में तैयार खाने के पैकेट रेलवे में सप्लाई किए जाते थे। कार्रवाई के दौरान पनीर, दाल और चावल के नमूने जांच के लिए लिए गए। इसके अलावा ग्वारीघाट की न्यू केशरवानी स्वीट्स और रामपुर की मधु कलश स्वीट्स से भी मिठाइयों के सैंपल लिए गए हैं। सभी नमूने जांच के लिए भोपाल की राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजे जाएंगे। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।



RNI NO. MPHIN/2023/88328

खबरों की वीडियो देखने हेतु स्कैन करे

READERS' OPINION

रीडर्स ओपिनियन

दैनिक समाचार पत्र

कुल पृष्ठ : 5 | शुक्रवार, 30 अक्टूबर 2026 | वर्ष : 4 अंक : 149

मंदसौर में 300 लीटर महुआ लहान नष्ट, कच्ची शराब जब्त

तीन ठिकानों पर पुलिस की दबिश; महिला के पास से 10 लीटर हाथ भट्टी शराब मिली

मंदसौर, मध्य प्रदेश | साइबर मंदसौर जिले में दलौदा पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 3 ठिकानों से करीब 300 लीटर महुआ लहान बरामद कर मौके पर नष्ट किया। यह लहान झाड़ियों, टीन शेड और खाइयों में डिब्बों में भरकर छिपाया गया था।पुलिस ने बानिखेड़ी, एचली मगरा और मोरखेड़ा डेरे में तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान शराब बनाने की भट्टियां और उपकरण भी नष्ट किए गए। वहीं, मोरखेड़ा निवासी सुनीता के पास से 10 लीटर कच्ची हाथ भट्टी शराब जब्त कर आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। कार्रवाई एसपी विनोद कुमार मीना के निर्देश पर थाना प्रभारी रविंद्र प्रताप डांगी की टीम ने की।





आदि कैलाश यात्रा पर इंदौर के 27 वर्षीय युवक की मौत

बर्फबारी के बाद सांस लेने में हुई परेशानी, 3 दोस्तों के साथ दर्शन करने पहुंचा था

पिथौरागढ़,उत्तराखंड | आदि कैलाश यात्रा पर गए इंदौर निवासी 27 वर्षीय तिलक शर्मा की तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। शुक्रवार को बर्फबारी के बाद उन्हें सांस लेने में परेशानी हुई। दोस्त उन्हें 37 किलोमीटर दूर गुंजी स्थित ITBP अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया।

तिलक गुरुवार को 3 दोस्तों के साथ कार से यात्रा पर पहुंचे थे। घटना की सूचना के बाद पुलिस ने शव कब्जे में लेकर धारचूला के राजकीय अस्पताल में रखवाया है। परिजन इंदौर से उत्तराखंड रवाना हो चुके हैं। आदि कैलाश का मुख्य पड़ाव करीब 14,600 फीट की ऊंचाई पर है। कम ऑक्सीजन और कम वायुदाब के कारण यात्रियों को सांस लेने में परेशानी हो सकती है।



भोपाल में साइबर ठगी, बुजुर्ग महिला से 4.64 लाख रुपए ठगे

दिल्ली पुलिस अधिकारी बनकर जेल भेजने की धमकी दी, दूसरे मामले में कॉल फॉरवर्डिंग से 1.62 लाख की धोखाधड़ी

भोपाल, मध्यप्रदेश | जबलपुर भोपाल में साइबर ठगी के 2 मामले सामने आए हैं। अरेरा हिल्स में 62 वर्षीय लता वनवारी को दिल्ली पुलिस का अधिकारी बनकर फोन किया गया। संदिग्ध पार्सल में उनका मोबाइल नंबर इस्तेमाल होने और कार्रवाई का डर दिखाकर उनसे 4,64,645 रुपए ठग लिए गए। दूसरे मामले में अवधपुरी निवासी पंकज श्रीवास्तव का मोबाइल हैक कर कॉल फॉरवर्डिंग के जरिए 2 क्रेडिट कार्ड से 1,62,502 रुपए निकाल लिए गए। पीड़ित के मुताबिक, उन्होंने किसी ट्रांजेक्शन की अनुमति नहीं दी थी। दोनों मामलों में पुलिस ने 28 अक्टूबर को केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



पिस्टल लेकर बैंक में घुसे 2 बदमाश, कैश मांगा

13 दिन में दूसरी बार सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया को निशाना बनाने की कोशिश; कैश नहीं मिलने पर 5 मिनट में फरार

शिवपुरी, मध्य प्रदेश |शिवपुरी के एमएम चौराहा स्थित सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में गुरुवार शाम करीब 7 बजे 2 बदमाश पिस्टल लेकर घुस गए। कर्मचारियों को धमकाकर कैश मांगा, लेकिन बैंक का समय समाप्त होने और मैनेजर के चाबी लेकर जाने की बात सुनकर करीब 5 मिनट बाद फरार हो गए। उनका तीसरा साथी बाहर बाइक चालू करके खड़ा था।

घटना की सूचना पर एएसपी आरडी प्रजापति, एसडीओपी सचिन धुर्वे और कोतवाली थाना प्रभारी पुनीत कुमार बाजपेई पुलिस बल के साथ पहुंचे। मैनेजर प्रशांत खरे की शिकायत पर लूट की कोशिश का मामला दर्ज किया गया है।

इस बैंक में 16 अक्टूबर की रात भी 3 संदिग्धों ने सरिया और जैक की मदद से शटर उठाने की कोशिश की थी। सुबह शटर आधा खुला मिला था, हालांकि अंदर के ताले सुरक्षित थे और कोई सामान चोरी नहीं हुआ था। उस घटना के सीसीटीवी फुटेज के आधार पर भी पुलिस जांच कर रही थी।



RNI NO. MPHIN/2023/88328

खबरों की वीडियो देखने हेतु स्कैन करे

READERS' OPINION

रीडर्स ओपिनियन

दैनिक समाचार पत्र

कुल पृष्ठ : 5 | शुक्रवार, 30 अक्टूबर 2026 | वर्ष : 4 अंक : 149



La SAGESSE
SEAT OF WISDOM

MAIN CAMPUS

School Facilities

- Smart Class
- Robotics Lab
- Science Labs
- Computer Lab
- Squash Court
- Basketball
- Football
- Skating
- Swimming
- Library
- Rifle Shooting
- Pickle Ball
- Volleyball
- Cricket
- Lawn Tennis
- Indore Badminton Arena

About School

An institution that balances strong academic achievements with overall holistic development of students.

CONTACT US

Ph- 9201959432
9752411052
lasagesse.in

La Sagesse Group of Schools

Our Branches :-



Add.: H-14, Nalanda Parisar, Kesarbag Road, Indore Mo.: 7049299228



Address: 50, Rajaswa Gram Colony, Chhatribag, INDORE Mo.: 9589261662

Panda Road, Near Hotel Red Maple Mashal, A.B. Road, RAU



Senior Luxury Living

SBS Assisted Living
Senior Citizen Care, Redefined





Panda Road, Near La Sagesse Academy,
Rau, Indore MP 453331
Phone: 9340380647, 8817137388
Email: sbsseniorspride@gmail.com
website: www.sbsseniorspride.com

स्वामी सीटप सेंगर के लिए प्रकाशक/मुद्रक देवेन्द्र सिंह सेंगर द्वारा कॉम्प्लेक्ट प्रिन्टर्स प्रा. लि. 3/54, प्रेस कॉम्प्लेक्स ए.बी. रोड, इंदौर (मध्यप्रदेश) से मुद्रित एवं ला साजेस कैम्पस, पान्धा रोड, होटल मशाल के पास राऊ, जिला इंदौर (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित। संपादक : स्वामीप सेंगर। मोबाईल : 9244198932 आरएनआई नंबर : MPHIN/2023/88328 (सभी विवादों का न्यायालय क्षेत्र इंदौर रहेगा।)